University in News on 14 April 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

शिक्षा से ही खुलेंगे तरक्की के रास्ते

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा से ही तरक्की के रास्ते खुलेंगे। महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति

दर्ज कराएं, इसके लिए जरूरी है कि वे शिक्षा से जुड़े। वे शनिवार को नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बोल रहे थे। समारोह में कॉलेज का मुख्य मोना चंद्रावती गुप्ता अवॉर्ड सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं शिवि कपूर बीए तृतीय वर्ष, स्वाति वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष तथा स्वाति त्रिपाठी बीकॉम तृतीय वर्ष को दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने महाविद्यालय की प्रगति का ब्योरा दिया। इस मौके पर प्रबंधक नीरज पाठक एवं सभी विभागों के शिक्षक-विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्वाति को स्नातक टॉपर अवॉर्ड : वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली बीएससी की छात्रा स्वाति वर्मा को डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल अवॉर्ड दिया गया। डॉ. आशा गुप्ता मेमोरियल अवॉर्ड एमए प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकी कनौजिया एवं द्वितीय वर्ष की निकिता कुशवाहा को दिया गया। पीसी तिवारी मेमोरियल अवॉर्ड निशि अवस्थी, संतोषा देवी मेमोरियल अवॉर्ड बीए द्वितीय वर्ष की शिवानी कश्यप को दिया गया। (संवाद)

आकृति संत को ताइवान में मिली इंटर्नशिप

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध आईटी पीजी कॉलेज की शोध छात्रा आकृति संत को ताइवान के कॉलेज ऑफ तायपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में इंटर्नशिप मिली है। यह वित्तपोषित इंटर्नशिप है। वे कैंसर और ट्यूमर के उपचार में दवा की खोज और विकास पर काम करेंगी। उन्हें कुलपति प्रो. आलोक राय व सुपरवाइजर प्रो. सोनिका भाटिया ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

क्विज में अंशिका ने मारी बाजी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर क्विज हुई। इसमें विभाग के 50 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें प्रथम स्थान पर अंशिका सिंह, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से आन्या राज वर्मा एवं अनुपम सिंह तथा तृतीय स्थान पर सर्वजीत शुक्ला रहे। इस मौके पर डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। (संवाद)

कैंसर के उपचार की दवा खोजेंगी आकृति

लखनऊ। एलयू के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आकृति संत को ताइवान के तायपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग ने वित्तपोषित इंटर्नशिप प्रदान की है। आईटी कॉलेज की प्रोफेसर सोनिका की देखरेख में आकृति काम कर रही हैं। छह माह की इंटर्नशिप मिली है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि शोधार्थी आकृति संत का उद्देश्य कैंसर और ट्यूमर के उपचार में दवा की खोज करना है।

HINDUSTAN PAGE 6

विदेशी छात्रों के लिए भारतीय भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में विदेशी विद्यार्थियों के लिए भारतीय भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स की तैयारी है। विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

इन कोर्स से न सिर्फ विदेश से आने वाले छात्रों में विविधता देखने को मिलेगी बल्कि विवि की कमाई में भी इजाफा होगा। एलयू प्रशासन के अनुसार अब हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और अरेबिक जैसी कई भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभी एलयू में विदेशी विद्यार्थियों के लिए पर्शियन भाषा में शार्ट टर्म कोर्स संचालित है। जिसमें काफी संख्या में विदेशियों ने दाखिला लेने की इच्छा व्यक्त की है। इसे ध्यान में रखते हुए एलयू ने अन्य भाषाओं में सर्टिफिकेट कोर्स की तैयारी की है। सत्र 2023-24 में 76 देशों से 1456 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इससे एलयू को लगभग दो करोड़ की कमाई हुई।

i-NEXT PAGE 4

अब थाईलैंड के स्टूडेंट्स को बनाएंगे अंग्रेजी में महारथी

लखनऊ विश्वविद्यालय में आएंगे थाईलैंड के 25 विद्यार्थी

LUCKNOW(13 April): लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही थाईलैंड के 25 छात्र-छात्राएं अंग्रेजी सीखने आएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय तीन महीने का शार्ट टर्म कोर्स शुरू करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि लवि में अभी विदेशी विद्यार्थियों के लिए पर्शियन भाषा में शार्ट टर्म कोर्स संचालित है, जिसमें काफी संख्या में विदेशी छात्र-छात्राओं ने दाखिला लेने की इच्छा व्यक्त की है। इसी तर्ज पर अब थाईलैंड से 25 विद्यार्थियों का बैच अंग्रेजी सीखने यहां आएगा.

500 डालर फीस तय

इसके लिए प्रति छात्र 500 डालर फीस ली जाएगी. कोर्स तैयार कर लिया गया है. इसके अलावा एक और इंडोनेशिया से भी बातचीत चल रही है ताकि वहां के विद्यार्थी यहां आ सकें. गौरतलब है कि अभी विदेशी छात्र-छात्राओं के लिए स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कार्यक्रमों संचालित है. कई और भाषाओं में भी मांग के अनुसार शार्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाने की योजना है.

JAGRAN CITY PAGE III

थाईलैंड के छात्रों के लिए शार्टटर्म अंग्रेजी कोर्स

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही थाईलैंड के 25 छात्र-छात्राएं अंग्रेजी सीखने आएंगे। विश्वविद्यालय तीन महीने का शार्ट टर्म कोर्स शुरू करेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि लवि में अभी विदेशी विद्यार्थियों के लिए पर्शियन भाषा में शार्ट टर्म कोर्स संचालित है, जिसमें काफी संख्या में विदेशी छात्र-छात्राओं ने दाखिला लेने की इच्छा व्यक्त की है। इसी तर्ज पर अब थाईलैंड से 25 विद्यार्थियों का बैच अंग्रेजी सीखने यहां आएगा। इसके लिए प्रति छात्र 500 डालर फीस ली जाएगी। कोर्स तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा एक और इंडोनेशिया से भी बातचीत चल रही है। अभी विदेशी छात्र-छात्राओं के लिए स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कार्यक्रमों संचालित हैं।

आकृति को मिली ताइवान की इंटर्नशिप

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आकृति संत ताइवान जाकर कैंसर और ट्यूमर के उपचार में दवा की खोज, विकास और फोटो थेरानोस्टिक्स में काम करेंगी। इसके लिए उन्हें ताइपे में कालेज आफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, तायपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में पूरी तरह से वित्त पोषित इंटर्नशिप मिली है। ताइवान एक्सपीरियंस एजुकेशन प्रोग्राम (टीईईपी) से मिली इस इंटर्नशिप की अवधि एक मई से 31 अक्टूबर 2024 तक रहेगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रा को बधाई दी। शोधार्थी आकृति संत आइटी पीजी कालेज की प्रोफेसर सोनिका भाटिया की देखरेख में काम कर रही हैं। अब वह ताइवान में डा. अनुप पंडित की प्रयोगशाला में काम करेंगी।

आकृति संत • लवि

लवि : शोक सभा कल

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल स्टडीज इन अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आरिफ फरीद अय्यूबी के निधन पर 15 अप्रैल को विभाग में दोपहर तीन बजे शोक सभा आयोजित की जाएगी। इसमें शिक्षक, विद्यार्थियों एवं स्टाफ को उपलब्धि होने के लिए कहा गया है।

TOI PAGE 3

LU researcher gets internship in Taiwan univ

Lucknow: Lucknow University research scholar Akrati Sant, working in the Chemistry department under the supervision of Professor Sonkia Bhatia (Isabella Thoburn College), has secured a fully funded internship at Taipei Medical University, Taiwan.

The six-month internship, starting May 1 and ending October 31, is offered through the Taiwan Experience Education Program (TEEP) by the Taiwanese government. Akriti will be placed in Dr Anup Pandith's lab, where she will delve into research focused on drug discovery and development, as well as phototheranostics for cancer and tumor treatment.

"This internship significantly contributes to Akriti's pursuit of developing novel materials for treating various malignancies," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

PIONEER PAGE 3

लविवि में जल्द प्रारंभ होंगे ऑनलाइन कोर्सेस, मिलेगी डुअल डिग्री: प्रो. आलोक राय

नारी शिक्षा निकेतन में नवोदय-2024 वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन, लविवि के कुलपति ने छात्राओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को नवोदय -2024 वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आलोक कुमार राय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय को महाविद्यालय के प्रबंधक नीरज पाठक द्वारा अंग वस्त्र देकर तथा प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा द्वारा पौधगमला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात् छात्राओं द्वारा कुल गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को पुरस्कृत तथा प्रोत्साहित किया और महाविद्यलय में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही. तथा उन्होंने यह भी बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन कोर्सेस शीघ्र प्रारम्भ होंगे, जिससे छात्राएं ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन कोर्स भी कर सकेंगी और डूअल डिग्री भी ले सकेंगी।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट में कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

महाविद्यालय का मुख्य पुरस्कार मोना चन्द्रावती गुप्ता अवॉर्ड महाविध्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं शिवि कपूर बीए तृतीय वर्ष, स्वाति वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष तथा स्वाति त्रिपाठी बीकॉम तृतीय वर्ष को प्रदान किया गया। डॉक्टर आशा गुप्ता मेमोरियल अवॉर्ड एमए प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकी कनौजिया एवं द्वितीय वर्ष की निकिता कुशवाहा को प्रदान किया गया. इस वर्ष का डॉक्टर अनिल कुमार अग्रवाल मेमोरियल अवार्ड महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा स्वाति वर्मा, बीएससी तृतीय वर्ष को दिया गया। महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र में पीसी तिवारी मेमोरियल अवार्ड निशि अवस्थी संतोषा देवी मेमोरियल अवॉर्ड मानव शास्त्र विषय की शिवानी कश्यप, प्रत्येक वर्ष सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया जिनमें वनस्पति विज्ञान: स्वाति वर्मा, प्राणीविज्ञान: स्वाति वर्मा, रसायन विज्ञान: मानसी त्रिपाठी, मानवविज्ञान: आकांक्षा गुप्ता मानवविज्ञान: शिखा मौर्या, समाजशास्त्र: ममता सिंह, शिक्षाशास्त्र कृतिका मिश्रा, अर्थशास्त्र: लक्ष्मी गुप्ता, राजनीतिशास्त्र: शिवि कपूर, हिंदी: कोमल श्रीवास्तव, अरब कल्चर मंतशा असलम, एआइएच संतोषी सिंह, अंग्रेजी शिवि कपूर फिलॉसफी कोमल श्रीवास्तव, इतिहास: मीनाक्षी रावत, फिजिकल एजुकेशन राधिका वर्मा, साइकोलॉजी: अनुश्री श्रीवास्तव।

प्रत्येक वर्ष में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया जो निम्न हैं- शिवांशी: बीए प्रथम वर्ष, आयुषि गुप्ता बीए द्वितीय वर्ष, शिवि कपूर बीए तृतीय वर्ष, रिचा कनोजिया: बीएससी प्रथम वर्ष, अनामिका रावत- बीएससी द्वितीय वर्ष, स्वाति वर्मा: बीएससी तृतीय वर्ष, सौम्या कश्यप: बीकॉम प्रथम वर्ष, समीना सईद बीकॉम द्वितीय वर्ष, अनुष्का मोहन: बीकॉम तृतीय वर्ष। बेस्ट एनसीसी कार्यकर्ता सिमरन गौतम, बेस्ट एनसीसी केडेट: बबली रावत बेस्ट एनएसएस स्वयं सेवक यूनिट वन: मुस्कान साहब, यूनिट दू: अनामिका रावतबेस्ट प्रॉक्टर वोलेंटीयर: कंचन वेस्ट, प्रिया भारती, आकृति मौर्या और पूजा वर्मा बेस्ट प्लेयर: पूजा कनोजिया, बेस्ट स्टूडेंट सांस्कृतिक कमेटी नेहा कुमारी धानुक।

पुरस्कार स्वरूप समस्त छात्राओं को ट्राफी, नगद धनराशि, चेक एवं प्रमाण पत्र दिए गए. सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ जैसे घुमर नृत्य, गीत संगीत आदि प्रस्तुत किए गए, महाविध्यालय के प्रबंधक नीरज पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में सह कोषाध्यक्ष मुदित अग्रवाल, समस्त प्रवक्ता, कर्मचारियों एवं छात्राओं की उत्साहपूर्वक उपस्थिति रही कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

THE PIONEER PAGE 2

LU research scholar gets fully-funded internship in Taiwan

PNS ■ LUCKNOW

Akrati Sant, a research scholar in the department of chemistry at Lucknow University, under the supervision of Prof Sonkia Bhatia at IT College, has recently secured a fully funded internship position at the College of Biomedical Engineering, Taipei Medical University, Taiwan.

This six-month internship, scheduled from May 1 to October 31, is made possible through the Taiwan Experience Education Program (TEEP) by the government of Taiwan.

"Miss Sant, a dedicated scholar, will be working in the laboratory of Dr Anup Pandith, focusing on research in drug discovery and development, as well as phototheranostics for the treatment of cancer and tumours. Additionally, Miss Sant will be involved in synthesising novel materials for biological screening in the treatment of breast cancer and osteoporosis," LU spokesperson Durgesh Srivastava said.

Akrati has been actively engaged in cutting-edge research in drug discovery and development as part of her PhD programme since December 2020. Her academic journey includes completing her Master's degree at MJP Rohilkhand University.

LU Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai and head of the chemistry department Prof Anil Mishra congratulated Akrati.

Meanwhile, a quiz competition on 'Dr Ambedkar's Philosophy' was organised in the department of philosophy on the eve of Dr Ambedkar Jayanti. More than 50 students registered for this competition. Head of the department and organiser of the competition Rajni Srivastava declared the results. Anshika Singh was declared first, with Anya Raj Verma and Anupam Singh jointly securing the second position, and Sarvjeet Shukla securing the third position.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि की छात्रा को मिला वित्त इंटर्नशिप पद

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आकृति संत ने ताइपे में कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, तायपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी ताइवान में पूरी तरह से वित्त पोषित इंटर्नशिप पद हासिल किया है।

1 मई से 31 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित छह महीने की इंटर्नशिप, ताइवान सरकार द्वारा प्रतिष्ठित ताइवान एक्सपीरियंस एजुकेशन प्रोग्राम (टीईईपी) के माध्यम से संभव हुई है। आकृति, एक समर्पित शोधार्थी, डॉ. अनुप पंडित की प्रयोगशाला में काम करेंगी, जिसका उद्देश्य कैंसर और ट्यूमर के उपचार में दवा की खोज और विकास और फोटोथेरानोस्टिक्स है। इसके अतिरिक्त, आकृति संश्लेषित नवीन सामग्रियों में शामिल होंगी और स्तन कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार के लिए अपना योगदान देंगी।

यह इंटर्नशिप कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ तालमेल बिठाते हुए, विभिन्न घातक बीमारियों के लिए नई संश्लेषण सामग्री को आगे बढ़ाने की आकृति की खोज में एक महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक होगा।

वर्तमान में आकृति संत अपनी पीएचडी कार्यक्रम में दवा खोज और विकास के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान में दिसंबर 2020 से सक्रिय रूप से लगी हुई हैं।

छात्रा आकृति संत

स्तन कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए करेंगी खोज